**Regarding issues pertaining to Ahmednagar Cantonment Board**

डॉ. सुजय विखे पाटील (अहमदनगर): सभापति जी, मेरे लोक सभा अहमदनगर के निर्वाचन क्षेत्र में भिंगार कंटोनमेंट का निर्माण सन् 1879 में किया गया और आज वर्ष 2023 तक करीब 25 हजार सिविलियन पापुलेशन उस कंटोनमेंट एरिया में रिसाइड करते हैं। कंटोनमेंट एरिया डिफेंस एस्टेब्लिशमेंट होने की वजह से सिविलियन्स को काफी दिक्कत होती है जैसे कि ड्रिंकिंग वॉटर सप्लाई है, एफएसआई की दिक्कत है, एनओसी फॉर कंस्ट्रक्शन और इम्प्लीमेंटेशन ऑफ सैंट्रल गवर्नमेंट स्कीम्स आदि हैं। पिछले 25-50 सालों से यहां जितनी भी सिविलियन पापुलेशन है, उनके द्वारा इतनी दिक्कतों का सामना किया गया है कि हर बार मांग हुई कि हमें म्यूनिसिपल कार्पोरेशन में लिया जाए। इसी के तहत हमारे देश के सम्माननीय रक्षा मंत्री माननीय राजनाथ जी की पहल से 16.10.2023 और 26.11.2023 को दो उच्च स्तरीय मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस आफिशियल्स के मीटिंग्स की गईं और यह तय किया गया कि भिंगार कंटोनमेंट एरिया एबोलिश करके इसकी सिविलियन पापुलेशन को अहमदनगर म्यूनिसिपल कार्पोरेशन में समायोजित किया जाए। इसी के तहत 3.12.2023, पिछले सप्ताह एक मीटिंग अहमदनगर में की गई, जिसमें सारे सिविलियन्स को विश्वास में लेते हुए सभी ने इस बात से सहमति दी और सभी ने यही राय जताई कि हमें अहमदनगर म्यूनिसिपल कार्पोरेशन में आना है।

सभापति जी, इसी के तहत मैं आपके माध्यम से रक्षा मंत्रालय से यह विनती करना चाहूंगा कि excision of Bhingar Cantonment area from Cantonment Board, and inclusion in Ahmednagar Municipal Corporation की जो प्रक्रिया है, वह जल्द से जल्द पूरी की जाए और तीन महीने में इन सिविलियन्स को म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में समायोजित करके इनकी सारी समस्याओं का हल ढूंढ़ा जाए।